ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-05-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-05-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-05-08	2024-05-09	2024-05-10	2024-05-11	2024-05-12
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	43.0	45.0	45.0	43.0	42.0
न्यूनतम तापमान(से.)	30.0	31.0	31.0	30.0	30.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	22	36	33	41	48
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	8	11	13	13	18
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	17	22	19	22	18
पवन दिशा (डिग्री)	269	246	241	227	236
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	1	6	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 43.0 से 45.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 30.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए किसान भाई सब्जियों व बागानों में अतिरिक्त सिंचाई अवश्य दे।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि के साथ लू चलने की संभावना हैं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है तथा छोटे रह जाते है। नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रीड 3 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी या डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
	दर से छिडकाव करें।
बेर	बेर के पौधों की कटाई छंटाई के लिए उचित है। कटाई छटाई करने से पौधे के कक्ष से जो नये प्ररोह निकलते हैं उन्ही पर फूल एवं फल लगते है जिससे फल उत्पादन में वृद्धि होती है। छटाई करते समय सूखी एंव आपस में रगड़ खाती टहिनयों को हटा दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए जानवरों को छाया में रखें और निर्जलीकरण से बचाने के लिए दिन में 3-4 बार पीने का पानी दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।
मिट्टी परीक्षण	किसान भाई मृदा परीक्षण के लिए 30 सेंटीमीटर गहराई तक से मिट्टी का नमूना इकट्ठा कर मिट्टी का परीक्षण नजदीकी प्रमाणित एजेंसियों या सरकारी कार्यालय से कराएं।